AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : डिजिटल यूनिवर्सिटी का खींचेंगे खाका

केंद्र सरकार ने बजट में की है पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी की घोषणा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। केंद्र सरकार ने बजट में पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी की घोषणा की है। इसे देखते हुए पहले से डिजिटल क्षेत्र में काफी काम कर चुके लखनऊ विश्वविद्यालय ने खुद को एक डिजिटल यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू कर दी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसका विस्तृत खाका तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों में बांट दी गई है। जो बुधवार तक इसका प्लान तैयार करके देंगे।

कोरोना काल में लंबे समय तक ऑनलाइन पढ़ाई हुई है और आगे भी इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने न सिर्फ बजट में

विश्वविद्यालय कई क्षेत्रों में पहले से कर चुका है बेहतर काम

डिजिटल यूनिवर्सिटी की बात कही है, बल्कि डिजिटल कंटेंट, डिजिटल क्लास आदि को लेकर भी कहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों ने भी अपने स्तर पर इसकी जरूरत को महसूस किया है। पहले ही नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) लागू कर व खुद का लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) विकसित कर लविवि ने उत्तर भारत में अपना बेहतर स्थान बनाया है।

अब खुद को डिजिटल यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने के लिए काम शुरू कर दिया है। कुलपति प्रो. राय ने बताया कि पढ़ाई को ज्यादा से ज्यादा एक्सेसेबल बनाने पर सरकार का जोर है, जिसमें सारी सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध हो। इसमें प्रमुख रूप से हाई क्वालिटी ई-कंटेंट, डिजिटल टीचर, स्टूडियो, ई-स्किल व वर्चुअल लैब पर प्रमुख रूप से काम होना है। हम इस पर काम कर रहे हैं। हमारे पास पहले से अपना एलएमएस है। वर्चुअल क्लास रूम की सुविधा है। हमने ई-कंटेंट पर भी बेहतर काम प्रदेश स्तर पर किया है। अब इसे और बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं।

सरकार को भेजेंगे प्रस्ताव

प्रो. राय ने बताया कि उक्त प्रमुख बिंदुओं का विस्तृत प्लान तैयार कर शिक्षक बुधवार तक देंगे। इसमें हम यह देखेंगे कि हमें अपने स्तर पर जो काम करना है, वह हम तुरंत शुरू कर देंगे। वहीं इंफ्रास्ट्रक्टर आदि के लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजकर, इसके लिए सहयोग मांगेंगे, ताकि विश्वविद्यालय को डिजिटल यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ई-कंटेंट में साहित्यिक चोरी भी एक मुद्दा होता है। इसलिए हम एक बौद्धिक संपदा सेल भी स्थापित करेंगे, जो इसके लिए काम करेगी।

इनको मिली जिम्मेदारी

प्रो. राय ने बताया कि डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन को डिजिटल टीचर, प्रो. रचना मुज्जू को डिजिटल यूनिवर्सिटी कंटेंट, प्रो. अनिल मिश्रा को वर्चुअल लैब के लिए, डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय को हाई क्वालिटी ई-कंटेंट आदि के लिए प्रस्ताव बनाकर देने के लिए कहा गया है। अन्य शिक्षक भी सहयोग में लगाए गए हैं। ये जल्द प्रस्ताव बनाकर देंगे फिर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

i-NEXT PAGE 4

कई सब्जेक्ट के रिजल्ट घोषित

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने दिसंबर-2021 के नियमित व बैक पेपर एग्जाम के अंतर्गत कुछ विषयों के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए. इनमें बीबीए एमएस पांचवें सेमेस्टर, बीपीए चौथा वर्ष सातवें सेमेस्टर, बीपीए सेकेंड वर्ष तीसरा सेमेस्टर और बीपीए तीसरा वर्ष पांचवें सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं.

JAGRAN CITY PAGE I

एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन ने जारी किया नोटिफिकेशन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एलएलबी तीन और पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन मार्च से कराएगा। विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उनका कहना है कि जल्द ही परीक्षा की विस्तृत समय सारिणी उपलब्ध कराई जाएगी। जिन विधि महाविद्यालयों ने इंटरनल असेसमेंट अभी तक नहीं कराया है, उन्हें 17 से 24 फरवरी के बीच इसे करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधि विभाग ने बीते 24 और 28 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी कर एलएलबी प्रथम सेमेस्टर और एलएलबी आनर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से प्रस्तावित की थीं। साथ ही, असाइनमेंट इंटरनल टेस्ट व प्रेजेंटेशन के लिए भी तीन जनवरी से तिथि तय जारी कर दी थी, लेकिन विद्यार्थियों ने यह कहकर इसका विरोध कर दिया था कि कोर्स पूरा नहीं हुआ है। अब विभाग ने 14 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी कर तीन मार्च से एलएलबी की परीक्षाएं कराने के लिए कहा है।

एमए, एम.एस-सी एंथ्रोपोलाजी, फारेंसिक साइंस का परीक्षा कार्यक्रम बदला

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमए, एम.एस-सी एंथ्रोपोलाजी और फारेंसिक साइंस तीसरे सेमेस्टर का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षाएं 18 फरवरी से दो मार्च तक होंगी। इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से संशोधित कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम तीन मार्च से

लखनऊ विश्वविद्यालय के कामर्स विभाग की ओर से तीन से नौ मार्च तक 'रिसर्च मेथोडोलाजी इन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट' विषय पर नेशनल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। विभाग के प्रो. एबबी सिंह आहिर्वेरियम में प्रस्तावित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 20 फरवरी तक पंजीकरण होगे। इस संबंध में विभाग के हेड एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अकोश कुमार ने वेबसाइट पर विस्तृत विवरण जारी किया है।

ये है परीक्षा कार्यक्रम

- एमए, एम.एस-सी एंथ्रोपोलाजी तीसरा सेमेस्टर : 18 फरवरी-पब्लिक हेल्थ, 21 फरवरी-रिसर्च मेथोडोलाजी एंड टेक्निक्स, 24 फरवरी-जनरल एंथ्रोपोलाजी, 26 फरवरी-डेवलपमेंट एंथ्रोपोलाजी, दो मार्च-प्रिंटिंग एंथ्रोपोलाजी।
- एमए, एम.एस-सी फारेंसिक साइंस तीसरा सेमेस्टर : 21 फरवरी-फारेंसिक बायोलाजी एंड फिजियोलाजी, 24 फरवरी-साइबर क्राइम/मूवस, 26 फरवरी-फारेंसिक बैलिस्टिक, फायर, अर्सन एंड एक्सप्लोसिव, आस्टियोलाजी एंड ओंटोलाजी, दो मार्च-फारेंसिक फिजियोलाजी।

नेशनल कालेज : बीकाम आनर्स बीबीए की परीक्षाएं आज

नेशनल पीजी कालेज में पीजी प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ बुधवार से बीकाम आनर्स, बीसीए, बीबीए, बीबीए (एमएस), बीवाका बैंकिंग, बीवाका साफ्टवेयर एंड बीजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम कालेज की वेबसाइट पर अपलोड है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

बीए पब्लिक पालिसी (आनर्स) की परीक्षाएं 19 से

विश्वविद्यालय ने देर शाम छ. शंकर दयाल शर्मा इंस्टीट्यूट आफ डेमोक्रेसी में संचालित बीए पब्लिक पालिसी (आनर्स) पांचवें सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर, एजेंडेड, ड्यूअलेट) का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। 19 को डिसेंट्रलाइजड गवर्नेंस : इंस्टीट्यूशन एंड पब्लिक पालिसी, 22-वेलफेयर इन इंडिया, 25-जेंडर इश्यूज, 28-इश्यूज आफ कंटेंपोरी रेलिजेंस और तीन मार्च फोएथिक्स, पब्लिक एंड गवर्नेंस विषय की परीक्षा होगी।

लविवि ने जारी किए परीक्षा परिणाम

लखनऊ विश्वविद्यालय ने दिसंबर-2021 के नियमित व बैक पेपर परीक्षाओं के अंतर्गत कुछ विषयों के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए। इनमें बीबीए एमएस पांचवें सेमेस्टर, बीपीए चौथा वर्ष सातवें सेमेस्टर, बीपीए द्वितीय वर्ष तीसरा सेमेस्टर और बीपीए तृतीय वर्ष पांचवें सेमेस्टर के परिणाम शामिल है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

डिजिटल यूनिवर्सिटी की ओर बढ़ेगा अपना लवि

जासं, लखनऊ : केंद्रीय बजट में एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा होने के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी इस दिशा में कवायद शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय को डिजिटल रूप में तैयार करने के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वरिष्ठ शिक्षकों को 16 फरवरी तक डिजिटल यूनिवर्सिटी के लिए लवि के योगदान, ई-लैब, वर्चुअल लैब, ई-कंटेंट, वन टीवी वन चैनल से लेकर डिजिटल टीचर तक के संबंध में अपनी रिसर्च और प्रस्ताव देने को कहा है।

प्रो. राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय डिजिटल यूनिवर्सिटी के रूप में किस प्रकार से सबसे पहले अपना योगदान दे सके, इस पर चर्चा की गई है। विश्वविद्यालय ई-कंटेंट पर पहले भी काम कर चुका है। कैसे और गुणवत्तापरक ई-कंटेंट तैयार किया जाए? डिजिटल टीचर की संकल्पना कैसे क्रियान्वित की जाए? लैब को किस प्रकार से वर्चुअल माध्यम से चलाया जा सके? इन सबके लिए अलग-अलग शिक्षकों को प्रस्ताव बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

लवि में बनेगी बौद्धिक संपदा सेल: कुलपति ने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा सेल स्थापित की जाएगी। इसके माध्यम से यह देखा जाएगा कि वेबसाइट पर जो ई-कंटेंट हम दे रहे हैं, वह कैसा है। छात्र-छात्राओं के लिए कितना लाभकारी है? ई-कंटेंट में साहित्यिक चोरी भी बड़ा मुद्दा होता है, इस पर भी सेल नजर रखेगी। लवि पहला विश्वविद्यालय है, जिसने सबसे पहले नई शिक्षा नीति लागू की। हालांकि ही में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को कई राज्यों में इसे क्रियान्वित कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी: वर्चुअल लैब के प्रस्ताव के लिए प्रो. अनिल मिश्रा, डिजिटल टीचर के लिए डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, वन टीवी वन चैनल और ई-कंटेंट के लिए डीन रिसर्च प्रो. राजीव पांडेय और डिजिटल यूनिवर्सिटी के संबंध में योगदान के लिए प्रस्ताव एप्लाइड इकोनामिक्स के विभागाध्यक्ष प्रो. रचना मुज्जू को देने के लिए कहा गया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर वरिष्ठ शिक्षकों को इस्ताव बनाने की सौंपी जिम्मेदारी योगदान पर की गई चर्चा

लॉ के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन मार्च से

एमए-एमएससी एंथ्रोपोलॉजी का परीक्षा कार्यक्रम रिवाइज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि और सहयुक्त कॉलेजों की लॉ की परीक्षाएं तीन मार्च से प्रस्तावित हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सूचना जारी कर दी है। जल्द ही परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम भी जारी कर दिया जाएगा। वहीं, एमए-एमएससी एंथ्रोपोलॉजी व फोरेंसिक साइंस का परीक्षा कार्यक्रम भी रिवाइज किया गया है।

डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह की सूचना के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय व एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 03 मार्च से शुरू की होगी। उन्होंने कहा है कि जिन सहयुक्त कॉलेजों ने इंटरनल एसेसमेंट अभी तक नहीं कराया है, वे 17 से 24 फरवरी के बीच में इसे जरूर करवा लें। प्रो. सिंह ने कहा है कि परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही उपलब्ध करा दिया जाएगा। बता दें कि इस साल प्रवेश प्रक्रिया थोड़ी देर तक चली है, जिसके बाद क्लास शुरू हुईं और फिर कोविड संक्रमण बढ़ गया। हालांकि, इसके बाद भी विवि प्रशासन ने पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्व में 24 जनवरी से ही प्रस्तावित कर दी थीं, जिसका विद्यार्थियों ने विरोध किया था।

बीबीए-बीपीए का परिणाम जारी

लविवि व सहयुक्त कॉलेजों का बीबीए पांचवें, बीपीए तीसरे, पांचवें व सातवें सेमेस्टर का नियमित व बैक पेपर परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उनकी मांग थी कि पहले कोर्स पूरा कराया जाए, उसके बाद परीक्षाएं हों। इससे उस समय परीक्षा नहीं कराई जा सकी। अब जब अन्य कोर्सों के पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं की कवायद तेज हुई है तो विभाग ने अपने यहां भी परीक्षा की तिथि तय कर दी है।

वहीं विवि प्रशासन ने एमए-एमएससी एंथ्रोपोलॉजी व फोरेंसिक साइंस का परीक्षा कार्यक्रम भी रिवाइज किया है। इसके अनुसार एमए-एमएससी एंथ्रोपोलॉजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 फरवरी से 02 मार्च तक और एमए-एमएससी फोरेंसिक साइंस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 फरवरी से 02 मार्च तक आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक चलेगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू: तीन मार्च से लॉ की परीक्षा, कई कार्यक्रम बदले

मिशन एग्जाम

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में तीन और पांच वर्षीय लॉ की परीक्षाएं मार्च के पहले सप्ताह से प्रस्तावित हैं। डीन लॉ सीपी सिंह ने बताया कि लॉ की परीक्षाएं तीन मार्च से होंगी। विस्तृत कार्यक्रम जल्द वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि सभी डिग्री कॉलेजों को निर्देश हैं कि जिन कॉलेजों में अभी तक इंटरनल एसेसमेंट पूरे नहीं हुए हैं वे 17 से 24 फरवरी तक इंटरनल असेसमेंट पूरा करा लें। लॉ की परीक्षाएं मार्च आखिर तक चलने की उम्मीद हैं। कोविड की वजह से एलयू की 17 जनवरी से प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं।

एमए एमएससी एंथ्रोपॉलीजी की परीक्षा 18 सेः एलयू ने एमए एमएससी एंथ्रोपॉलीजी और फॉरेंसिक साइस तृतीय सेमेस्टर के कार्यक्रम में बदलाव किया है। एंथ्रोपॉलीजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18, 21, 24, 26 फरवरी और दो मार्च को होंगी। फॉरेंसिक साइंस तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21, 24, 26 फरवरी और दो मार्च को होंगी।

एलयूः बीपीए और बीबीए रिजल्ट जारीः एलयू ने बीपीए छठे सेमेस्टर, तीसरे एवं पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। दोनों परिणाम वेबसाइट पर अपलोड हैं।

वर्चुअल लाइब्रेरी की ओर कदमः कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि वर्चुअल लाइब्रेरी, डिजीटल शिक्षक, हाईडेफिनेशन कन्टेंट लैब की स्थापना पर काम कर रहे हैं।

फेसबुक और इंस्टा पर एलयूः सोशल साइट से छात्र-छात्राओं तक सूचनाएं पंहुचे इसके लिए एलयू ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अधिकारिक हैंडल बना लिया है।

एमएड परीक्षा कल से

एलयू ने एमएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं में आंशिक बदलाव करते हुए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एमएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 17 फरवरी से 28 फरवरी तक होंगी। एमपीएड तीसरे सेमेस्टर बैक पेपर की परीक्षा 17 फरवरी से 28 फरवरी तक होगी।

पब्लिक पॉलिसी परीक्षा 19 से

शंकर दयाल शर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी ने बीए पब्लिक पॉलिसी (आनर्स) पांचवे सेमेस्टर का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा 19 फरवरी से तीन मार्च तक होंगी।

i-NEXT PAGE 4

एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम तीन से होंगे

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (15 Feb) : लखनऊ यूनिवर्सिटी के एलएलबी थ्री व फाइव इयर पाठ्यक्रम के फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम तीन मार्च से होंगे. लॉ संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. उनका कहना है कि जल्द ही परीक्षा की विस्तृत समय सारिणी उपलब्ध कराई जाएगी. जिन लॉ महाविद्यालयों ने इंटरनल असेसमेंट अभी तक नहीं कराया है, उन्हें 17 से 24 फरवरी के बीच इसे करने के निर्देश दिए गए हैं. लॉ विभाग ने बीते 24 और 28 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी कर एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर और एलएलबी आनर्स फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 24 जनवरी से प्रस्तावित की थीं.

स्टूडेंट्स ने किया था विरोध

साथ ही, असाइनमेंट इंटरनल टेस्ट व प्रेजेंटेशन के लिए भी तीन जनवरी से तिथि तय जारी कर दी थी, लेकिन स्टूडेंट्स ने यह कहकर इसका विरोध कर दिया था कि कोर्स पूरा नहीं हुआ है. अब विभाग ने 14 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी कर तीन मार्च से एलएलबी की एग्जाम कराने के लिए कहा है.

THE PIONEER PAGE 2

Value-based cinema discussed

PNS ■ LUCKNOW

The influence of cinema over the society has been immense. It seems imperative in the present times to have a critical exposition on the role of cinema for inducing values in the society.

It was with this vision that Sanskritiki, the cultural board of Lucknow university, and Faculty of Education jointly organised a lecture on 'Value-based cinema for the future' and held an interaction with Kirti Kumar, who is a producer, director, actor, singer and distributor. He is also the elder son of singer Nirmala Devi and brother of actor Govinda.

Kumar delivered an interesting lecture and showed some clippings from his movies like Hatya, Naseeb, Radha Ka Sangam, Aunty No. 1, etc. He also had an interactive session with the students. The programme witnessed the presence of LU Vice-Chancellor AK Rai, Dean (Academics) Rakesh Chandra, DSW Poonam Tandon and other faculty members and students of the university.

Rakesh Chandra announced that Lucknow university intends to start a professional course on cinematography and script writing.

Meanwhile, the Centre of Excellence, under the aegis of the department of Higher Education, department of Social Work, Lucknow University, organised a medal distribution ceremony at Radhakamal Mukherjee Hall.

Anamika Singh was awarded four medals (Vigyan Ratna Dr Lakshman Prasad Golden Jubilee Gold Medal, Ram Chandra Kinduka Gold Medal, Raj Mohini Syal Gold Medal and Vimla Anand Memorial Gold Medal).

Mradulika Sharma was awarded Resham Devi Maurya Gold Medal in Social Work for securing the highest marks in field work. Col Ashish Nautiyal was awarded Late Rai Sahab MP Srivastava Gold Medal in Social Duties and Human Rights (diploma course).

FILM WITH A LITTLE TWIST

The cast of film 'Pyaar Mein Thoda Twist' was in the city on Tuesday. The highlight of the film is that it has been shot near the state capital.

Soma Rathod of 'Bhabhiji Ghar Pe Hain' fame was in Lucknow along with Santosh Shukla. She said she was happy to be in Lucknow and loved the hospitable nature of people.

"People are so warm and nice which is the best thing about the city," she said.

Soma, who belongs to Gujarat, said she plays the role of a funny woman in the film and was a part of the shoot in Sitapur.

The cast of the film that interacted with the media said the film revolves around the chemistry of Mukesh J Bharti and Richa Mukherjee.

The actors said there is a little twist in the film which was launched on February 15, and would release in all the cinema halls.